फा.सं. 1704813/1/2022-मा. (समन्वय) (ई-21449)

भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

मत्स्यपालन विभाग

चंद्रलोक बिल्डिंग,
ग्राउंड फ्लोर, 36, जनपथ, नई दिल्ली
दिनांक 13 सितंबर, 2023

**कार्यालय ज्ञापन**

विषयः मत्स्यपालन विभाग द्वारा अगस्त, 2023 माह के दौरान किए गए प्रमुख गतिविधियों और महत्वपूर्ण निर्णयों का मासिक सार मंत्रिमंडल सचिवालय को परिचालित करने के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को उपर्युक्त विषय पर मंत्रिमंडल सचिवालय के दिनांक 19 अगस्त, 2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1/26/1/2018-कैब का संदर्भ लेने और अगस्त, 2023 माह के लिए मत्स्यपालन विभाग का मासिक सारांश परिचालित करने का निदेश हुआ है जिसमें की गई प्रमुख गतिविधियां,महत्वपूर्ण निर्णय और मंत्रिमंडल समिति/ समितियों के निर्णयों पर की गई कार्रवाई के संबंध में प्रगति सूचनार्थ संलग्न है।

यथोक्त: संलग्नक

आन्सी

(डॉ. एंमी मैथ्यू एनपी)
सहायक आयुक्त (मात्स्यिकी)

प्रति
मंत्रिमंडल के सभी सदस्य

**प्रतिलिपि**

1. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110001 (ध्यानार्थ: श्री भास्कर दासगुप्ता, निदेशक)
2. प्रधान मंत्री के प्रधान सचिव
3. राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली
4. उप-राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली
5. प्रेस सूचना अधिकारी, सूचना एवं प्रसारण मंत्री, शास्त्री भवन, नई दिल्ली
6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
7. सलाहकार, कृषि कार्यक्षेत्र, नीति आयोग, नीति भवन, नई दिल्ली

**सूचना के लिए प्रतिलिपि:**

1. माननीय मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री के निजी सचिव
2. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी के लिए माननीय राज्य मंत्री के निजी सचिव
3. सचिव, मात्स्यिकी के प्रधान निजी सचिव
4. अपर सचिव एवं वित्त सलाहकार के प्रधान निजी सचिव
5. मत्स्यपालन विभाग के संयुक्त सचिवों के प्रधान निजी सचिव
6. तकनीकी निदेशक, एनआईसी डीओएफ को विभाग की वेबसाइट पर संलग्न दस्तावेज अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय में अगस्त, 2023 के दौरान लिए गए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय एवं प्रमुख उपलब्धियां**

1. माननीय केंद्रीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, श्री परशोत्तम रूपाला और माननीय राज्य मंत्री, एमओएफएएचडी, डॉ. एल. मुरुगन के नेतृत्व में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 21 से 24 अगस्त 2023 तक ट्रॉनहैम, नॉर्वे में द्विवार्षिक जल कृषि प्रदर्शनी और व्यापार मेले, एक्वा नोर 2023 में प्रतिभागिता की जिसमें संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) और मात्स्यिकी विकास आयुक्त शामिल थे । यात्रा का मुख्य उद्देश्य मात्स्यिकी और जलीय कृषि के क्षेत्र में भारत और नॉर्वे के बीच आपसी समझ को बढ़ाना और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना था। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने नॉर्वे के माननीय मत्स्यपालन और महासागर नीति मंत्री, श्री ब्योर्नर सेल्नेस स्केजोरानन के साथ द्विपक्षीय बैठक की और मात्स्यिकी और जलीय कृषि में द्विपक्षीय सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की । प्रतिनिधिमंडल ने मात्स्यिकी आनुवंशिकी और ठंडे पानी के जलीय कृषि के क्षेत्र में सहयोग का अन्वेषण करने के लिए मात्स्यिकी और जलीय कृषि की प्रमुख तकनीकी सुविधाओं जैसे स्केल एक्यू, एक्वाजेन इत्यादि का क्षेत्रीय दौरा किया।

2. माननीय केंद्रीय मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, श्री परशोत्तम रूपाला और माननीय राज्य मंत्री, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, डॉ. एल. मुरुगन ने थेंगापट्टिनम, कोलाचेल, मुट्टम, थूथुकुडी, थारुवैकुलम, मुकैयूर फिशिंग हार्बर, रामेश्वरम फिशिंग जेट्टी का दौरा किया, एकीकृत समुद्री शैवाल (सी वीड) पार्क की आधारशिला रखने और भूमि पूजन में भाग लिया और 31 अगस्त से 2 सितंबर, 2023 के दौरान आयोजित सागर परिक्रमा चरण VIII के दौरान समुद्री शैवाल की खेती करने वाले मछुआरों, मत्स्यन समुदाय और मछुआरा-महिला समूह के साथ बातचीत की ।

3. मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री, डॉ. एल. मुरुगन ने तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और 18 अगस्त, 2023 को नंदनम, चेन्नई, तमिलनाडु में विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत की।

4. मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार ने नीली क्रांति, प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) और फिशरीज़ एंड एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (एफआईडीएफ) के तहत स्वीकृत फिशिंग हार्बर (एफएच) और फिश लैंडिंग सेंटर (एफएलसी) परियोजनाओं की क्रमशः महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात राज्यों के साथ 08 अगस्त, 2023 को और आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों के साथ 09 अगस्त, 2023 को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रगति की समीक्षा की।

5. सचिव (मत्स्यपालन) ने 16 अगस्त 2023 को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)-केंद्रीय मीठा जीवपालन अनुसंधान संस्थान (सीआईएफए) कौशल्यागंगा का दौरा किया और आईसीएआर-सीआईएफए और राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी)- नेशनल फ्रेश वॉटर फिश ब्रूड बैंक (एनएफएफबीबी), भुवनेश्वर द्वारा की गई गतिविधियों की समीक्षा की। मछुआरों के समक्ष आने वाले जमीनी स्तर के मुद्दों को समझने के लिए पुरी जिले के एक तटीय गांव पेंथाकाटा का भी दौरा किया गया।

6. विभाग ने 24 अगस्त, 2023 को गुजरात के कच्छ की खाड़ी के कोरी क्रीक क्षेत्र में समुद्री शैवाल की खेती को बढ़ावा देने के लिए सभी हितधारकों की एक वीडियो कॉन्फ्रेंस बैठक आयोजित की।

7. 226.60 करोड़ रुपए की केंद्रीय हिस्से के साथ 618.67 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, केरल, अंडमान और निकोबार के राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की वार्षिक कार्य योजना 2023-24 के परियोजना प्रस्तावों और तमिलनाडु, झारखंड और राजस्थान के 4 उद्यमी मॉडल परियोजनाएं के मूल्यांकन और आकलन लिए 01 और 17 अगस्त, 2023 को 49वीं और 50वीं परियोजना मूल्यांकन समिति (पीएसी) की दो बैठकें आयोजित की गईं।

8. संयुक्त सचिव (अंतर्देशीय मात्स्यिकी) ने 16 अगस्त, 2023 को एनएफडीबी, हैदराबाद में राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) और इन्वेस्ट इंडिया द्वारा आयोजित मात्स्यिकी और जलीय कृषि उद्योग गोलमेज बैठक की अध्यक्षता की। बातचीत के दौरान, भाग लेने वाली कंपनियों की भविष्य की योजनाओं, उद्योग विशिष्ट मुद्दों और सहायता के क्षेत्रों पर चर्चा की गई।

9. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 28 अगस्त, 2023 को गांधीनगर, गुजरात में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में भाग लिया।

10. संयुक्त सचिव (समुद्री मात्स्यिकी) ने 29 अगस्त, 2023 को जवाहरलाल नेहरू भवन, विदेश मंत्रालय, नई दिल्ली में छठे बीआईएमएसटीईसी शिखर सम्मेलन - ऊर्जा सुरक्षा उप-क्षेत्र की तैयारी में अंतर-मंत्रालयी बैठक में भाग लिया।

11. संसदीय राजभाषा समिति (ओएल) ने 24 अगस्त, 2023 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) और केन्द्रीय मत्स्य नौचालन एवं इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान (सिफनेट) के विशाखापत्तनम जोनल बेस का निरीक्षण/समीक्षा की। समिति ने 01-07-2022 से 30-06-2023 की अवधि के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा की।

12. राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) ने अगस्त, 2023 के दौरान क्रमशः 15,200 और 6,16,749 व्यक्तियों को कवर करते हुए 20 प्रशिक्षण और जागरूकता गतिविधियाँ और 209 आउटरीच गतिविधियाँ आयोजित कीं।

13. तटीय जलकृषि प्राधिकरण (सीएए) ने 202 आवेदनों पर कार्रवाई की, जिसमें आंध्र प्रदेश, केरल और गोवा से प्राप्त फार्मों के पंजीकरण और पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए 81 आवेदन और एंटीबायोटिक फ्री एक्वा इनपुट के लिए अनुपालन प्रमाणपत्र जारी करने के लिए 121 आवेदन शामिल हैं। पंजीकरण प्रक्रिया के एक भाग के रूप में आंध्र प्रदेश में झींगा की 08 बीज उत्पादन इकाइयों का निरीक्षण किया गया।

14. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज नॉटिकल एंड इंजीनियरिंग ट्रेनिंग (सिफनेट) ने 257 मछुआरों के लिए 6 फिशरमैन आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया।

15. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण (एफएसआई) के दो मत्स्यन जहाजों ने माह के दौरान भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में और उसके आसपास मात्स्यिकी संसाधनों और समुद्री स्तनपायी सर्वेक्षण कार्यक्रम के लिए खोजपूर्ण सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित किए।

16. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी एंड ट्रेनिंग (निफेट) ने माह के दौरान 256 प्रशिक्षु दिनों में 25 समुद्री मछुआरे महिलाओं/पुरुषों के लिए पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए और संचालित किए।

17. मत्स्यपालन विभाग के लिए सीपीजीआरएएमएस पोर्टल के तहत शिकायतों का निपटान 31 अगस्त, 2023 तक 95% था।

***